प्रस्ताव

# 11 निजी-क्षेत्र के एमरजेंसी एम्बुलेंस कर्मचारियों के लिए काम के अवकाश के दौरान भी कॉल पर उपलब्ध रहने को आवश्यक बनाता है। कुछ निश्चित नियोक्ता की देनदारी को समाप्त करता है। पहल कानून।

**आधिकारिक शीर्षक और सारांश** महान्यायवादी द्वारा तैयार किया गया

**इस उपाय के पाठ को राज्य सचिव की वेबसाइट *http://voterguide.sos.ca.gov/* पर देखा जा सकता है।**

- घंटे पर काम करने वाले कर्मचारियों को कॉल पर उपलब्ध रहे बिना, भोजन और आराम के लिए काम से ब्रेक लेने का अधिकार देने वाला श्रम कानून बनाता है, निजी क्षेत्र के एमरजेंसी एम्बुलेंस कर्मचारियों पर लागू नहीं होता। इन कर्मचारियों के लिए भोजन अवकाश के समय को नियंत्रित करता है।
- काम के दौरान ब्रेक के संबंध में मौजूदा कानून के उल्लंघनों के लिए—25 अक्टूबर, 2017 को या उसके बाद लंबित कार्रवाइयों में—नियोक्ताओं की देयता को समाप्त करता है। नियोक्ता को कुछ आपातकालीन घटनाओं, हिंसा रोकथाम, और मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के बारे में प्रशिक्षण प्रदान करना आवश्यक बनाता है।
- नियोक्ताओं के लिए कुछ निश्चित मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना आवश्यक बनाता है।

### राजकीय व स्थानीय सरकारी शुद्ध वित्तीय प्रभाव के बारे में विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:

- स्थानीय सरकारों के लिए संभावित रूप से वित्तीय लाभ (निम्न लागतों और अधिक राजस्व के रूप में), हर साल करोड़ों डॉलर के रूप में होने की संभावना है।

**विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण**

## पृष्ठभूमि

### 911 आपातकालीन चिकित्सीय परिवहन

***एम्बुलेंस आपातकालीन चिकित्सीय देखभाल और परिवहन प्रदान करती हैं।*** जब चिकित्सीय सहायता के लिए 911 पर कॉल की जाती है, तो एम्बुलेंस चालक-दल को उस स्थान पर भेजा जाता है। (आमतौर पर एक स्थानीय अग्निशमन विभाग के वाहन को भी भेजा जाता है।) परिस्थिति के स्थल पर चालक-दल रोगी को चिकित्सीय उपचार प्रदान करता है। यदि आवश्यक हो, तो चालक-दल रोगी को निकटतम अस्पताल ले जाता है। (जब रोगी को उपचार या परीक्षण की आवश्यकता होती है तो एम्बुलेंस अस्पतालों या डॉक्टरों के कार्यालयों में गैर-आपातकालीन सवारी भी प्रदान करते हैं।)

***निजी कंपनियाँ अधिकांश एम्बुलेंसों को संचालित करती हैं।*** California में अधिकांश एम्बुलेंस निजी कंपनियां रखती हैं और उनका संचालन करती हैं। वे कुल आपातकालीन एम्बुलेंस सवारी का लगभग 75 प्रतिशत उपलब्ध कराते हैं। अन्य 25 प्रतिशत मामलों में स्थानीय अग्नि विभाग के पास अपनी एम्बुलेंस होती है और विभाग रोगियों को अस्पताल ले जाता है।

***अधिकांश एम्बुलेंस यात्राओं का भुगतान स्वास्थ्य बीमा द्वारा किया जाता है।*** राज्य कानून सभी रोगियों के परिवहन के लिए एम्बुलेंस की उपलब्धता आवश्यक बनाता है, यहाँ तक कि उन रोगियों के लिए भी जिनके पास स्वास्थ्य बीमा न हो और वे भुगतान न कर सकते हों। ज़्यादातर मामलों में बीमा एम्बुलेंस यात्रा के लिए भुगतान करता है। एम्बुलेंस यात्रा के दो-तिहाई से अधिक रोगियों के पास सरकारी बीमा होता है, जैसे Medicare और Medicaid (California में Medi-Cal के रूप में जाना जाता है)। लगभग 20 प्रतिशत यात्राएँ वाणिज्यिक स्वास्थ्य बीमा वाले रोगियों के लिए की जाती हैं; इस बीमा को आमतौर पर लोग अपनी नौकरी से प्राप्त करते हैं। अन्य यात्राएं बिना बीमा वाले रोगियों के लिए की जाती हैं।

***सरकारी बीमा की तुलना में वाणिज्यिक बीमा एम्बुलेंस यात्राओं के लिए अधिक भुगतान करता है।*** California में एक एम्बुलेंस यात्रा की औसत लागत लगभग $750 है। Medicare और Medi-Cal एम्बुलेंस कंपनियों को प्रत्येक यात्रा के लिए एक निश्चित धनराशि देती हैं। Medicare लगभग $450 प्रति यात्रा चुकाता है और Medi-Cal लगभग $100 प्रति यात्रा चुकाता है। इसके परिणामस्वरूप Medicare और Medi-Cal रोगियों को ले जाने में एम्बुलेंस कंपनियों को नुकसान होता है। एम्बुलेंस कंपनियों को बिना किसी बीमा वाले रोगियों को ले जाने में भी नुकसान होता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये रोगी आमतौर पर इन यात्राओं के लिए भुगतान नहीं कर सकते हैं। इन नुकसानों की भरपाई के लिए एम्बुलेंस कंपनियां वाणिज्यिक बीमा वाले रोगियों से एम्बुलेंस यात्रा की औसत लागत से अधिक कीमत वसूल करती हैं। वाणिज्यिक बीमाकर्ता प्रत्येक यात्रा के लिए औसतन $1,800 का भुगतान करते हैं, जो सामान्य एम्बुलेंस सवारी की लागत के दोगुने से भी अधिक है।

### आपातकालीन एम्बुलेंस उद्योग

***काउंटिया प्रमुख एम्बुलेंस प्रदाता का चुनाव करती हैं।*** काउंटी एजेंसियां काउंटी को कई क्षेत्रों में विभाजित करती हैं। प्रत्येक क्षेत्र की सेवा के लिए जिस एम्बुलेंस कंपनी को चुना जाता है, उस कंपनी के पास उस क्षेत्र में सभी आपातकालीन कॉलों का प्रत्युत्तर देने का एकमात्र अधिकार होता है। कंपनी रोगियों के बीमाकर्ताओं से भुगतान एकत्र करके राजस्व उत्पन्न करती है। इसके बदले में एम्बुलेंस कंपनी उस क्षेत्र में एम्बुलेंस यात्राएँ उपलब्ध कराने के अधिकार के लिए काउंटी को भुगतान करती है। काउंटी आमतौर पर प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से एम्बुलेंस कंपनी का चयन करती है। एम्बुलेंस कंपनियां एक प्रतिस्पर्धी सेवा की पेशकश करके बोली लगाती हैं—उदाहरण के लिए, कुछ निश्चित समय के भीतर 911 कॉल का प्रत्युत्तर देना—और काउंटी को प्रतिस्पर्धी भुगतान करना। काउंटी सबसे अच्छे प्रस्ताव को चुनती है और

उस कंपनी के साथ एक बहुआयामी अनुबंध पर हस्ताक्षर करती है।

***स्थानीय एम्बुलेंस अनुबंध उस क्षेत्र में उद्योग लागतों को प्रतिबिंबित करते हैं।*** एम्बुलेंस कंपनियां अपने व्यापार के लिए लाभदायक प्रत्युत्तर देने के समय के समझौतों और काउंटी के लिए भुगतान स्तरों का प्रस्ताव देती हैं। बोलियां विकसित करने में कंपनियां गणना करती हैं कि उस क्षेत्र में एम्बुलेंस सेवाएं प्रदान करने की लागत क्या होगी और ये यात्राएँ कितना राजस्व उत्पन्न करेंगी। इसके बदले में, यह उस क्षेत्र में बीमा प्रकारों के मिश्रण पर निर्भर करेगा। निजी बीमा वाले रोगियों के एक बड़े हिस्से का मतलब है कि वे अधिक राजस्व उत्पन्न करने की उम्मीद कर सकते हैं। सरकार द्वारा बीमाकृत और बिना बीमा वाले रोगियों के एक बड़े हिस्से का मतलब है कि वे कम राजस्व उत्पन्न करेंगे।

***शीघ्र प्रत्युत्तर देने के लिए अधिकांश एम्बुलेंस स्थायी स्थानों पर नहीं रखी जाती हैं।*** अपने स्थायी स्थान पर आपातकालीन कॉलों की प्रतीक्षा करने वाले अग्निशमन विभाग के कर्मियों के विपरीत अधिकांश एम्बुलेंस कर्मियों को 911 कॉलों की उम्मीद करने के लिए पूरे शहर या क्षेत्र में तैनात किया जाता है। 911 कॉल आने और निकटतम एम्बुलेंस द्वारा प्रत्युत्तर दिए जाने के बाद, अगली 911 कॉल के लिए क्षेत्र को फिर से कवर करने के लिए अन्य एम्बुलेंस दल क्षेत्र में आ जाते हैं। यह प्रक्रिया— जिसे "पोस्टिंग" के रूप में जाना जाता है—एम्बुलेंस प्रदाता को स्थायी स्थलों पर कर्मियों को तैनात किए जाने की तुलना में कम से कम कर्मियों का उपयोग करते हुए अनुबंध में दिए गए प्रत्युत्तर समय की आवश्यकताओं को पूरा करने देती है, जिसके परिणामस्वरूप कुल लागत कम आती है।

## EMT और पैरामेडिक्स

***California के एम्बुलेंस EMT और पैरामेडिक्स।*** California में 17,000 आपातकालीन चिकित्सीय तकनीशियन (EMT) और पैरामेडिक्स और लगभग 3,600 एम्बुलेंस हैं। EMT प्राथमिक चिकित्सा और बुनियादी चिकित्सीय देखभाल प्रदान करते हैं। पैरामेडिक्स उन्नत चिकित्सीय देखभाल प्रदान करते हैं। एम्बुलेंस में दो चालक-दल सदस्य हैं—दो EMT, एक EMT और एक पैरामेडिक, या फिर दो पैरामेडिक्स। एम्बुलेंस दल आमतौर पर 12 घंटे की पारियों में काम करते हैं।

***कुछ EMT और पैरामेडिक्स को मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होती हैं।*** आपातकालीन प्रत्युत्तर कर्मी—जैसे पुलिस अधिकारी, अग्निशामक, EMT, और पैरामेडिक्स—अक्सर काम के दौरान दर्दनाक घटनाओं का अनुभव करते हैं। इनमें कार्य-संबंधी शारीरिक चोटें, प्राकृतिक आपदाएं, आतंकवाद, या बच्चों से जुड़ी दुर्घटनाएं शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप इन नौकरियों में काम करने वाले लोगों में सामान्य जनता की तुलना में आघात-उपराँत तनाव विकार (PTSD), अवसाद और आत्महत्या की ऊँची दरें होती है। कई एम्बुलेंस कार्य-नियोक्ता दर्दनाक घटनाओं का अनुभव करने वाले कर्मचारियों को परामर्श देते हैं। कुछ कार्य-नियोक्ता कल्याण शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य सेवा योजनाएँ भी प्रदान करते हैं।

***कुछ EMT और पैरामेडिक्स अतिरिक्त प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।*** राज्य के अधिकारी निजी एम्बुलेंस कंपनियों के साथ समन्वय में EMT और पैरामेडिक्स के लिए प्राकृतिक आपदाओं, गोलियाँ चलने की परिस्थितियों और आतंकवाद कृत्यों का प्रत्युतर देने के प्रशिक्षण की निगरानी करते हैं। इन परिस्थितियों में विशेष प्रत्युत्तर की आवश्यकता होती है—जैसे खतरनाक क्षेत्रों से घायल रोगियों को निकाल कर ले जाना—जो मानक EMT या पैरामेडिक प्रशिक्षण के हिस्से के रूप में शामिल नहीं है।

## EMT और पैरामेडिक्स के लिए भोजन और विश्राम आवकाश

***कार्य-नियोक्ताओं को भोजन और विश्राम अवकाश के लिए राज्य के श्रम कानूनों का पालन करना होगा।*** California के कार्य-नियोक्ताओं को राज्य के न्यूनतम पारिश्रमिक नियमों, कार्यस्थल में बिताए गए घंटों की सँख्या, स्वास्थ्य और सुरक्षा, तथा भोजन और विश्राम अवकाश के नियमों सहित भिन्न-भिन्न श्रम कानूनों का पालन करना होगा। अधिकांश कार्य-नियोक्ता काम की हरेक पारी में 30-मिनट का एक अवैतनिक भोजन अवकाश और प्रत्येक चार घंटों में 10-मिनट का एक वैतनिक विश्राम अवकाश प्रदान करते हैं।

***EMT और पैरामेडिक्स द्वारा लिया गया भोजन और विश्राम अवकाश।*** व्यावहारिक रूप से EMT और पैरामेडिक्स को यदि एक आपातकालीन कॉल की जाती है, तो वे काम की अपनी पूरी पारी के लिए "कॉल पर" होते हैं। इसका मतलब है कि 911 कॉलों से कभी-कभी उनके अवकाश बाधित हो सकते हैं। वे एक नए पोस्टिंग स्थान पर पुनर्स्थापित करने के अनुरोध से भी बाधित हो सकते हैं। इसके परिणामस्वरूप EMT और पैरामेडिक्स अक्सर अपने भोजन और बाकी अवकाश की योजना बनाने में असमर्थ होते हैं। साथ ही, अधिकांश एम्बुलेंस पारियों में आपातकालीन कॉलों के बीच डाउनटाइम शामिल होता है। (शहरी क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कम डाउनटाइम होता है।) इसके परिणामस्वरूप कर्मियों के पास अक्सर बाधारहित भोजन और विश्राम अवकाश लेने के लिए पर्याप्त डाउनटाइम होता है, भले ही वे तकनीकी रूप से कॉल पर हों।

***हाल ही के न्यायालय के निर्णय से EMT और पैरामेडिक्स के लिए "ऑफ़-ड्यूटी" अवकाश आवश्यक हैं।*** 2016 में California के उच्चतम न्यायालय ने फैसला दिया कि ऑन-कॉल अवकाश राज्य के श्रम कानून का उल्लंघन करते हैं। इसके बजाए कार्य-नियोक्ताओं को ऑफ़-ड्यूटी और अबाधित अवकाश प्रदान करने चाहिए, भले ही कोई आपात स्थिति पैदा हो। यह निर्णय *Augustus बनाम ABM Security Services* था। इस मामले में निजी सुरक्षा गार्ड शामिल थे, जिनके कार्य-नियोक्ता ने यह आवश्यकता बनाए रखी थी कि वे अवकाशों के दौरान अपने रेडियो को चालू रखें। उल्लंघनों के कारण न्यायालय ने कंपनी के सुरक्षा गार्डों को भुगतान करने के लिए कहा। *Augustus* निर्णय बनाए जाने से पहले EMT और पैरामेडिक्स ने निजी एम्बुलेंस कंपनियों के विरुद्ध इसके समान कई मुकदमे दायर किए थे। ये मुकदमे अभी भी चालू हैं। निजी सुरक्षा गार्डों के लिए श्रम

## विधायी विश्लेषक



कानून और उद्योग प्रथाएं EMT और पैरामेडिक्स के लिए कानूनों और उद्योग प्रथाओं के समान हैं। इन समानताओं के कारण ऐसा लगता है कि *Augustus* का निर्णय निकट भविष्य में EMT और पैरामेडिक्स पर भी लागू होगा।

***Augustus* निर्णय का संपूर्ण अनुपालन *करना एम्बुलेंस कंपनियों के लिए लागत बढ़ाएगा।*** *Augustus* के तहत राज्य के कानून का पालन करने के लिए एम्बुलेंस कर्मचारियों को अपने भोजन और विश्राम के अवकाशों के दौरान ऑफ़-ड्यूटी जाना होगा। इसके परिणामस्वरूप अपने मौजूदा अनुबंधों की शर्तों को पूरा करने के लिए एम्बुलेंस कंपनियों को प्रत्येक क्षेत्र में अभी की तुलना में काफी अधिक एम्बुलेंसों का संचालन करना होगा। यह एम्बुलेंस कंपनियों की लागत में वृद्धि करेगा—संभावित रूप से राज्य भर में हर साल $100 मिलियन से अधिक।

***Augustus* निर्णय के लिए *एम्बुलेंस उद्योग का प्रत्युत्तर।*** उच्च लागत पर काम करने के साथ-साथ लाभदायक बने रहने के लिए कंपनियों को राजस्व बढ़ाने और/या लागत को कम करने की आवश्यकता होगी। *Augustus* के फैसले के प्रत्युत्तर में एम्बुलेंस कंपनियां:

- ***आंशिक अनुपालन की अनुमति देने वाले कानूनी समझौतों पर बातचीत कर सकती हैं।*** कुछ मामलों में एम्बुलेंस कंपनियां और EMT और पैरामेडिक्स भोजन और विश्राम अवकाशों के लिए समझौता करने के लिए सहमत हो सकते हैं, जोकि एम्बुलेंस कंपनियों के लिए ऑफ़-ड्यूटी अवकाश प्रदान करने से कम महंगा होगा। इस तरह के संभावित समझौतों का अर्थ वर्तमान उद्योग प्रक्रिया और *Augustus* का पूरी तरह से अनुपालन करने के बीच एक संधि होगी, जिससे *Augustus* का संपूर्ण अनुपालन करने की तुलना में कम लागत आएगी।
- ***बीमा शुल्क बढ़ा सकती हैं।*** एम्बुलेंस कंपनियां अपने रोगियों की यात्राओं के लिए वाणिज्यिक बीमा कंपनियों को अधिक शुल्क ले सकती हैं। यदि वाणिज्यिक बीमाकर्ता इन ऊँची दरों का भुगतान करने के लिए सहमत होते हैं, तो इससे वाणिज्यिक स्वास्थ्य बीमा वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियमों में वृद्धि होगी। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, एम्बुलेंस कंपनियां बीमाकर्ताओं से एम्बुलेंस यात्राओं के लिए पहले ही औसत लागत से अधिक शुल्क ले लेती हैं। एम्बुलेंस कंपनियां बीमा कंपनियों से कुछ अतिरिक्त राजस्व उत्पन्न करने में सक्षम हो सकती हैं, लेकिन ऐसा लगता नहीं है कि *Augustus* निर्णय के अनुपालन की संपूर्ण लागत इस तरह से कवर की जा सकती है।
- ***व्यापार की लागतें कम कर सकती हैं।*** एम्बुलेंस कंपनियां लागतें कम करने के लिए व्यवसाय करने के तरीके को बदल सकती हैं। उदाहरण के लिए, वे आपातकालीन कॉलों के लिए अपने प्रत्युत्तर समय को बढ़ा सकती हैं या ऊँचे वेतन वाले पैरामेडिक्स के स्थान पर EMT रख सकती हैं (जिन्हें आमतौर पर कम पारिश्रमिक मिलता है)। एम्बुलेंस कंपनियों को इन परिवर्तनों के लिए काउंटियों के साथ बातचीत करने की आवश्यकता होगी। ऐसे परिवर्तन मामूली हो सकते हैं और इसलिए लागत में कोई ज़्यादा बचत प्रदान नहीं करते हैं।
- ***स्थानीय सरकारों को छोटे अनुबंध भुगतान।*** एम्बुलेंस कंपनियां प्रत्येक क्षेत्र में एम्बुलेंस सेवाएं प्रदान करने के अधिकार के लिए काउंटियों को कम भुगतान कर सकती हैं। बहुत कम लाभप्रद क्षेत्रों में कार्यरत एम्बुलेंस कंपनियां अब उस क्षेत्र में एम्बुलेंस सेवाएं प्रदान करने के अधिकार के लिए भुगतान नहीं कर पाएंगी। इन मामलों में एम्बुलेंस सेवाओं की उपलबधता सुनिश्चित करने के लिए काउंटियों को एम्बुलेंस कंपनियों को भुगतान करना पड़ सकता है।

***इन नई लागतों में से अधिकांश का भुगतान काउंटियों द्वारा किया जाएगा।*** यद्यपि *Augustus* के अनुपालन से जुड़ी बढ़ी हुई लागतों को एम्बुलेंस कंपनियों द्वारा विभिन्न तरीकों से ऑफसेट किया जाएगा, जैसा कि ऊपर चर्चा की गई है, परंतु ऐसा लगता है कि इनमें से अधिकतर लागत काउंटियों द्वारा वहन की जाएगी।

## प्रस्ताव

यह उपाय निजी क्षेत्र के EMT और पैरामेडिक्स को प्रभावित करने वाले राज्य कानूनों में परिवर्तन करता है। यह उपाय अग्नि विभागों जैसी सार्वजनिक एजेंसियों के लिए काम करने वाले EMT और पैरामेडिक्स पर लागू नहीं होगा। उपाय नीचे विस्तार से वर्णित किए गए है।

***EMT और पैरामेडिक्स के लिए ऑन-कॉल भोजन और विश्राम अवकाश आवश्यक है।*** उपाय यह आवश्यक बनाता है कि EMT और पैरामेडिक्स अपनी पूरी पारी के दौरान कॉल पर रहें। वास्तव में, यह उपाय अवकाश के दौरान EMT और पैरामेडिक्स के कॉल पर बने रहने की आवश्यकता वाली उद्योग प्रक्रिया को जारी रखता है। इसके साथ उपाय यह आवश्यक बनाता है कि भोजन अवकाश (1) पारी से पहले या आखिरी घंटे के दौरान न हों, और (2) इनके बीच कम से कम दो घंटे का अंतर रहे। यह उपाय एम्बुलेंस कंपनियों को इन भोजन अवकाश शेड्यूलों को पूरा करने के लिए पर्याप्त एम्बुलेंस संचालित करना आवश्यक बनाता है।

***ऑन-कॉल भोजन और विश्राम अवकाश की पिछली प्रक्रिया के लिए लागत सीमित करने की मांग करता है।*** *Augustus* निर्णय से पता चलता है कि अवकाश के दौरान कॉल पर रहने के लिए EMT और पैरामेडिक्स की आवश्यकता की प्रक्रिया कानून के विरुद्ध है। निजी एम्बुलेंस कंपनियों को इन पिछले उल्लंघनों के लिए अब दंड देना पड़ सकता है। EMT और पैरामेडिक्स के कई समूहों ने इन उल्लंघनों का आरोप लगाते हुए एम्बुलेंस कंपनियों पर मुकदमा दायर किया है। ये मुकदमे अभी भी चालू हैं। ऑन-कॉल भोजन और विश्राम अवकाशों की आवश्यकता के अलावा, यह उपाय बताता है कि ऑन-कॉल भोजन और विश्राम के अवकाश की पहले की उद्योग प्रक्रिया स्वीकार्य थी। यह उन लागतों को समाप्त कर सकता है जो एम्बुलेंस

कंपनियों को इन मुकदमों के संबंध में भरनी पड़ सकती हैं।

***कार्य-नियोक्ता द्वारा भुगतान किए गए प्रशिक्षण और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को आवश्यक बनाता है।*** यह उपाय एम्बुलेंस कंपनियों को EMT और पैरामेडिक्स के लिए (1) वार्षिक प्राकृतिक आपदा, सक्रिय बंदूकधारी, और हिंसा रोकथाम प्रशिक्षण; (2) मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण शिक्षा; (3) मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सत्र; और (4) दीर्घकालिक मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्रदान करना आवश्यक बनाता है।

# वित्तीय प्रभाव।

जैसाकि ऊपर बताया गया है, एम्बुलेंस सेवाओं जैसे उद्योगों पर श्रम कानून आवश्यकताओं की कानूनी स्थिति वर्तमान में प्रवाह में है। परंतु ऐसा लगता है कि निकट भविष्य में ऑफ़-ड्यूटी भोजन और विश्राम अवकाश प्रदान करना एम्बुलेंस कंपनियों के लिए आवश्यक होगा। यदि ऐसा हुआ, तो इसके परिणाम में एम्बुलेंस सेवाएं प्रदान करने की लागत में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। ये उच्च लागतें एम्बुलेंस कंपनी द्वारा काउंटियों को किए गए भुगतान को घटाकर और/या पर्याप्त सेवा सुनिश्चित करने के लिए काउंटियों द्वारा एम्बुलेंस कंपनियों को भुगतान करना आवश्यक बनाकर काउंटी को प्रभावित करेगी।

परंतु प्रस्ताव 11 के तहत एम्बुलेंस कंपनियां इन नई लागतों में से अधिकांश से बच पाएंगी, क्योंकि यह उपाय आमतौर पर उन्हें पहले के अनुसार परिचालन जारी रखने की अनुमति देगा। अर्थात, वे ऑन-कॉल भोजन और विश्राम अवकाश का उपयोग जारी रख सकती हैं। इसके परिणामस्वरूप, प्रस्ताव 11 एम्बुलेंस कंपनी की लागत पर निम्नलिखित प्रभाव डालेगा:

- ***घटे हुए शुद्ध संचालन व्यय।*** यह उपाय EMT और पैरामेडिक्स के अवकाश के दौरान कॉल पर रहना आवश्यक बनाता है। इस प्रकार से एम्बुलेंस कंपनियों को नई चालू लागत का सामना नहीं करना पड़ेगा—संभावित रूप से $100 मिलियन से भी अधिक प्रतिवर्ष—जोकि ऑफ़-ड्यूटी अवकाश प्रदान करने से जुड़े होंगे। साथ ही, एम्बुलेंस कंपनियों को भोजन और विश्राम अवकाश शेड्यूलों से संबंधित उपाय की अन्य आवश्यकताओं के अनुपालन के लिए मौजूदा प्रक्रिया के तहत कुछ सीमा तक और अधिक एम्बुलेंस संचालित करने की आवश्यकता होगी। इसके परिणामस्वरूप कुछ नई लागतें आएंगी। कुल मिलाकर इन ऑन-कॉल भोजन और अवकाश कानूनों के परिणामस्वरूप *Augustus* के अनुपालन की लागत की तुलना में एम्बुलेंस कंपनियों के लिए वार्षिक करोड़ों डॉलरों के उच्चतम खर्चों में कम लागत आएगी।
- ***प्रशिक्षण और मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए कुछ नई लागतें।*** वर्तमान में इस उपाय द्वारा आवश्यक बनाए गए प्रशिक्षण और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पेशकश न करने वाली एम्बुलेंस कंपनियों को इन्हें प्रदान करने के लिए नई लागत का भुगतान करना होगा। इन लाभों के कारण एम्बुलेंस कंपनियों को हर साल कई करोड़ डॉलरों की लागत का सामना करना होगा।
- ***एकमुश्त लागतों से संभावित बचाव।*** प्रस्ताव 11 उन लागतों को सीमित करना चाहता है जिनका सामना एम्बुलेंस कंपनियों को भोजन और विश्राम अवकाश के उल्लंघन के संबंध में सक्रिय मुकदमों के परिणामस्वरूप करना पड़ सकता है। (कंपनियों को इन उल्लंघनों के कारण कर्मियों को भुगतान करना पड़ सकता है।) यह उपाय इन लागतों को सीमित करेगा या नहीं, इसका निर्धारण न्यायालयों द्वारा किया जाएगा। यदि उपाय इन लागतों को समाप्त कर देता है, तो एम्बुलेंस कंपनियां अज्ञात, लेकिन संभावित रूप से बड़ी, एक-मुश्त लागतों से बच सकती हैं।

***कम शुद्ध एम्बुलेंस लागतों के कारण स्थानीय सरकारों को वित्तीय लाभ।*** एम्बुलेंस कंपनी के लिए कम शुद्ध लागतों के कारण इस उपाय से स्थानीय सरकारों (कम लागत और उच्च राजस्व के रूप में) के लिए संभावित रूप से हर साल करोड़ें डॉलरों के वित्तीय लाभ पैदा होंगे। ऐसा इसलिए है क्योंकि एम्बुलेंस कंपनियां ऑफ़-ड्यूटी भोजन और विश्राम अवकाश प्रदान करने से जुड़ी हुई लागत से बच पाएँगी। इन लाभों का एक हिस्सा बीमा कंपनियों के पास जाएगा, लेकिन अधिकांश भाग स्थानीय सरकारों के पास जाएगा।

**प्रमुख रूप से इस उपाय का समर्थन या विरोध करने के लिए बनाई गई समितियों की सूची के लिए *http://www.sos.ca.gov/campaign-lobbying/cal-access-resources/measure-contributions/2018-ballot-measure-contribution-totals/* पर जाएं। समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *http://www.fppc.ca.gov/transparency/top-contributors/ nov-18-gen.html* पर जाएं।**

**यदि आप राज्य के उपाय के संपूर्ण पाठ की एक प्रतिलिपि प्राप्त करने के इच्छुक हैं, तो कृपया राज्य सचिव को (888) 345-2692 पर कॉल करें या आप *vigfeedback@sos.ca.gov* पर ईमेल भेज सकते हैं और आपको एक प्रतिलिपि नि:शुल्क भेज दी जाएगी।**